कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, छठा तल लखनऊ

संख्या–एम0ई0–1/2023/1579 लखनऊःदिनांक 05 जून, 2023

## विज्ञप्ति

फेज–1 के 5 स्वशासी राज्य चिकित्सा चिकित्सा महाविद्यालय यथा अयोध्या, बहराइच, बस्ती, फिरोजबाद एवं शाहजहांपुर, फेज–2 के 08 स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय यथा– एटा, फतेहपुर, हरदोई, प्रतापगढ, मीरजापुर, गाजीपुर, देवरिया तथा सिद्धार्थनगर तथा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर अर्थात कुल 14 स्वशासी राज्य महाविद्यालयों के स्टाफ नर्स के 1974 पदों पर लिखित परीक्षा एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ के द्वारा सम्पन्न करायी गयी है।

अर्ह अभ्यर्थियो के डाक्यूमेन्ट वेरीफिकेशन की कार्यवाही दिनांक 13.06.2023 से 19.06.2023 तक कलाम सेण्टर, के0जी0एम0यू0, लखनऊ में प्रातः 10 बजे से की जायेगी। इस सम्बन्ध में उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत चयन के सम्बन्ध में कई रिट याचिकाये मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद तथा खण्डपीठ लखनऊ में योजित की गयी है। डाक्यूमेन्ट वेरीफिकेशन तथा कांउसिलिंग के दौरान की गयी तैनाती की कार्यवाही उक्त रिट याचिकाओ में पारित मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद तथा लखनऊ के अंतिम निर्णय के अधीन होगी।

अर्ह अभ्यर्थियो की सूची तथा अन्य दिशा–निर्देश विभागीय वेबसाईट www.dgme.up.gov.in पर उपलब्ध है। वेबसाईट का समय–समय पर स्वयं अवलोकन करते रहे।

महानिदेशक